बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

पत्रांकः–यो०मो०–4 (विविध) 07–527 / 2026– 820 पटना, दिनांक :– 05/11/2026

प्रेषक,

ई० ब्रजेश मोहन,
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय
जल संसाधन विभाग, पटना।

सेवा में,

ई-मेल

सभी मुख्य अभियंता,
सिंचाई सृजन / बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण
जल संसाधन विभाग, पटना।

विषयः– केन्द्र प्रायोजित योजना वी०बी०जी० राम जी (VB-G-RAM G) अंतर्गत SNA-SPARSH Module में Maker, Checker एवं Approver नामित करने तथा स्कीम को PFMS Portal पर Mapping करने के संबंध में।

प्रसंग :– ग्रामीण विकास विभाग का पत्रांक–5965115 दिनांक–22.07.2026, पत्रांक–1523 दिनांक–17.08.2026 एवं पत्रांक–2530 दिनांक–17.10.2026

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र द्वारा केन्द्र प्रायोजित योजना (VB-G-RAM G) अंतर्गत SNA-SPARSH Module में Maker, Checker एवं Approver नामित किये जाने का निदेश दिया गया है। साथ ही VB-G-RAM G अन्तर्गत जल संसाधन विभाग की योजनाओं को PFMS पर Mapping किया जाना है।

उपरोक्त के आलोक में निदेश है कि :–

1. 20 क्यूसेक या उससे कम जलश्राव वाले विभिन्न नहरों (मुख्य नहर को छोड़कर) लघु नहरों, उप लघु नहरों, जलवाहों एवं कमाण्ड ऐरिया डेवलपमेंट तथा जलरूद्ध क्षेत्रों / चौर से जल निकासी / तटबंध का सुदृढ़ीकरण कार्य से संबंधित योजनाओं में भुगतान हेतु Maker, Checker एवं Approver नामित करते हुए PFMS Portal पर Mapping किया जाय। SNA-SPARSH Module में किसी भी समस्या के समाधान हेतु जिला पदाधिकारी –सह– जिला कार्यक्रम सम्न्वयक से संपर्क किया जाय।

2. दिनांक–26.10.2026 को अपर मुख्य सचिव, ग्रामीण विकास विभाग एवं सचिव, जल संसाधन विभाग द्वारा V.C. के माध्यम से दिये गए निदेश के आलोक में 20 घनसेक या उससे कम जलश्राव वाली नहरों से संबंधित योजनाओं के अतिरिक्त जल निकास, गाद सफाई, तटबंध मरम्मति इत्यादि की योजनाओं (सूची संलग्न) का भी चयन करते हुए कार्य कराया जाय।

3. जिस जिले में वार्षिक कार्य योजना में सम्मिलित योजनाओं की संख्या के विरूद्ध तकनीकी स्वीकृति प्राप्त योजनाओं की संख्या में काफी कम है, उन जिलों की शेष योजनाओं में तकनीकी स्वीकृति शीघ्र प्रदान की जाय तथा जिस जिला में योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त है परन्तु कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है उन जिलों में VB-G-RAM-G से संबंधित दिशा–निर्देश के अनुरूप शीघ्र कार्य प्रारम्भ किया जाय।

अनु०:–यथोक्त।

विश्वासभाजन

05/11/26

अभियंता प्रमुख, मुख्यालय
जल संसाधन विभाग, पटना।

पत्रांकः—यो०मो०—4(विविध)07—527 / 2026— 820 /पटना, दिनाक— 05/11/2026

प्रतिलिपिः— कार्यपालक अभियंता, आई०टी०, जल संसाधन विभाग, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

05/11/26

(ब्रजेश मोहन)
अभियंता प्रमुख, मुख्यालय